[15/3/2021]

प्रश्न सं. [क्र. 3052]

वि.स. प्रश्न 3052 संबंधित परिशिष्ट -

मध्यप्रदेश शासन
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ 5-5(1-1ख)/2019/29-1 भोपाल, दिनांक 20 जनवरी, 2020

प्रति,

कलेक्टर,
जिला अनूपपुर,
मध्यप्रदेश.



कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर
प्रवाक 29 JAN 2020
विभाग
शाखा
अधीक्षक कलेक्टर
जिला अनूपपुर जिला अनूपपुर

विषय- खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि बढ़ाने बाबत।

संदर्भ- आपका पत्र क्रमांक 33 दिनांक 20.01.2020

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि बढ़ाने हेतु अनुमति चाही गई है।

अनूपपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में 10636 किसानों में से 7305 (69%) किसानों से 35668 मे.टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जो कि विगत वर्ष से 8850 मे.टन अधिक है। इसमें आज की उपार्जन मात्रा शामिल नहीं है। विभाग के पत्र क्रमांक एफ 5-5(1-1ख)/2019/29-1 दिनांक 20.01.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन किसानों को दिनांक 20.01.2020 तक वैध आनलाईन कृषक तौल पर्ची जारी की गई है, उनसे दिनांक 22.01.2020 की सांय 05:00 बजे तक खरीदी की जा सकेगी।

आपका जिला सीमावर्ती होने के कारण अन्य राज्यों से उपार्जन केन्द्रों पर धान आने की संभावना रहती है। अतः सतत् नियंत्रण बनाये रखे, यह भी सुनिश्चित कराये कि किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों जैसे उपज के भौतिक रूप से देखे बिना फर्जी कृषक तौल पर्ची जारी करने की स्थिति उत्पन्न न हो।

आपके संज्ञान में है कि उपार्जन संस्था द्वारा त्रुटिपूर्ण खरीदी करने पर संस्थाऐं अपात्र हो जाती है तथा आगामी रबी उपार्जन में खरीदी में कठिनाई भी होती है। उपार्जन का अंतिम दिवस होने से बिचौलियों तथा इसी प्रकार के अन्य तत्व सक्रिय न हो एवं वास्तविक कृषकों से ही धान का उपार्जन हो, इस हेतु नोडल अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहते हुए उपार्जन की जानकारी भी लेते रहे।

अतः जिन किसानों को वैध आनलाईन कृषक तौल पर्ची जारी की गई है, उनसे FAQ गुणवत्ता की धान का उपार्जन किया जाए।

(मोरली ओगरे)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय

पृ. क्रमांक एफ 5-5(1-1ख)/2019/29-1 भोपाल, दिनांक 20 जनवरी, 2020

प्रतिलिपि-

संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय

141
30.01.2020

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण विभाग